हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 28 जून 2024

06 स्व-सहायता समूहों ने की मध्यान्ह भोजन की राशि...



07 जिले में गर्भकाल में मारी जा रहीं मछलियां...





## खबर संक्षेप

### शारीरिक माप अभियान 28 जून तक

**सीहोर।** आंगनवाड़ी केन्द्रों में जन्म से 6 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों के पोषण स्तर निर्धारण के लिए प्रत्येक माह के 10 कार्य दिवस में बच्चों के शारीरिक माप दिवसों का आयोजन किया जाता है। इस दौरान पोषण ट्रेकर एप में पंजीकृत जन्म से 6 वर्ष की आयु वर्ग के समस्त बच्चों का वजन एवं लंबाई/ऊँचाई की सटीकता के साथ माप लिया जाकर एप में प्रविष्टि की जाती है, जिससे बच्चों के पोषण स्तर का निर्धारण किया जाता है। जून माह में 10 दिवसीय शारीरिक माप अभियान 28 जून तक आयोजित किया जा रहा है। महिला, बाल विकास विभाग द्वारा माह जून 2024 के लिये पोषण ट्रेकर एप में पूर्व में बच्चों के वजन और लंबाई/ऊँचाई के माप में हुई त्रुटिपूर्ण प्रविष्टि में उनके वास्तविक माप अनुसार सुधार के लिये विकल्प उपलब्ध कराया गया है।

### जाति प्रमाण-पत्र बनवाने समग्र आईडी जरूरी

**सीहोर।** लोक सेवा गारंटी के माध्यम से जाति प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए अब आवेदक की या परिवार की समग्र आईडी होना जरूरी किया है। जिले की तहसीलों में स्थापित लोक सेवा गारंटी केंद्र पर जाति के आवेदन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति पिछड़े वर्ग, विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ के मैन्युअल जाति के आवेदन मैन्युअल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति मैन्युअल अन्य पिछडे वर्ग मैन्युअल विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ ब्लड रिलेशन जाति के आवेदन ब्लड रिलेशन अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति ब्लड रिलेशन अन्य पिछड़े वर्ग तथा ब्लड रिलेशन विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ पोर्टल पर लाइव कर दिया गया है

### बिना अनुमति अवकाश नहीं मिलेगा

**सीहोर।** मध्यप्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र 1 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है। इस सत्र में विधान सभा प्रश्नों के उत्तर तत्काल भेजने के लिए और सत्र अवधि में जिले के समस्त अधिकारी कर्मचारियों को बिना अनुमति के अवकाश पर नही जा पाएंगे। इस के लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार विधानसभा के प्रश्न जैसे ही प्राप्त होते है तत्काल उसके उत्तर तैयार कर समयावधि में सही एवं पूरक जानकारी सहित भेजने का उत्तरदायित्व संबंधित कार्यालय प्रमुख एवं प्रभारी अधिकारी का होगा।

### धोखाधड़ी करने वालों पर होगी कार्रवाई

**सीहोर** राज्य सरकार किसानों के साथ नाप-तौल में धोखाधड़ी करने वाले व्यापारियों को चिह्नांकित कर कड़ी कार्रवाई कर रही है। गड़बड़ी करने वाले व्यापारियों को चिह्नांकित कर उनके विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किए जाएंगे।

## कुबेरेश्वरधाम पर पहुंचे करीब 150 से अधिक ऑटो चालकों ने किया विरोध प्रदर्शन

# ऑटो चालकों ने प्रदर्शन कर लगाया जाम, बोले पंचायत के लोग जबरन वसूल रहे 30 रुपए

करीब एक घंटे तक ऑटो चालकों ने प्रदर्शन किया। समस्या को लेकर सभी कलेक्टर सीहोर ऑफिस रवाना हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले में स्थित कुबेरेश्वर धाम पर गुरुवार को ऑटो चालकों ने हड़ताल कर जाम लगा दिया। ऑटो चालकों का कहना है कि यहां पंचायत के लोग उनसे अवैध वसूली कर रहे हैं। सीहोर से श्रद्धालुओं को लाने और यहां से ले जाने पर वे 30 रुपए वसूलते हैं। मना करने पर यहां खड़े लोग मारने पीटने पर उतारू हो जाते हैं।

गुरुवार सुबह ऑटो चालकों ने हड़ताल कर दी। नापलाखेड़ी जोड़ पर जाम लगा दिया। करीब एक घंटे तक ऑटो चालकों ने प्रदर्शन किया। समस्या को लेकर सभी कलेक्टर ऑफिस रवाना हो गए। कलेक्ट्रेट पहुंचकर ऑटो चालकों ने कलेक्ट्रेट गेट के सामने ऑटो लगाकर कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कलेक्टर से अवैध वसूली रोके जाने की मांग की गई है।

### धाम प्रबंधन ने नहीं किया समाधान

ऑटो चालकों का आरोप है कि इस संबंध में कुबेरेश्वर धाम प्रबंधन से भी शिकायत कर चुके हैं। उनकी तरफ से इसका समाधान नहीं किया गया। पिछले सप्ताह भी सीहोर पुलिस से शिकायत की थी। पुलिस ने पंचायत के लोगों को वहां पर बुलाया गया था। उसके बाद पूछताछ पर छोड़ दिया। दो दिन वसूली बंद रही अब फिर से वसूली शुरू कर दी। हर चक्कर 30 रुपए या महीने के एक हजार रुपए की मांग की जा रही है।



### शराब पीकर खड़े रहते हैं लड़के

ऑटो चालक सतीष, जीतेंद्र, रामू, दिनेश, जहीर, आशिक और अमजद ने ने बताया कि कुबेरेश्वर जाने वाले मुख्य मार्ग पर यहां 10-12 लोग शराब पीकर खड़े रहते हैं। यहीं ऑटो चालकों को रोक लिया जाता है। यहां पर्ची काटी जाती है, जो मना करते हैं। उनको मारपीट करने की धमकी दी जाती है। रुपए नहीं देने पर यहां गाड़ी खड़ी नहीं करने देते।

### 150 से अधिक ऑटो वालों का प्रदर्शन

ऑटो चालकों ने बताया कि 5-10 रुपए की बात हो तो हम



देने को तैयार हैं। यहां हमें पीने के लिए पानी भी नहीं मिलता। 30 रुपए जब इनको देंगे तो हम क्या कमाएंगे। वैसे भी प्रशासन ने पहले से किराया तय कर रखा है। हम लोगों से वही किराया लेते हैं। एक बार में तीन-चार लोगों को ही लेकर आते हैं। उसमें से भी आधा इन्हें दे देगें तो हमें गुजारा करना मुश्किल हो जाएगा। गुरुवार सुबह से यहां पहुंचे करीब 150 से अधिक ऑटो वालों ने हड़ताल कर दी। ऑटो चालक भोला ने बताया कि हमने सीहोर कलेक्टर को पंचायत में हो रही अवैध वसूली को लेकर ज्ञापन सौंपा है।



## नाबालिग से दुष्कर्म, शादी का कहकर साथ ले गया था : पिता की हरकतों से बचने के लिए लड़के के साथ गई, उसने भी धोखा दिया

**भैरुंदा।** नगर में एक शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। पिता ने बेटी के साथ दुष्कर्म किया। पिता से बचने के लिए उसने एक लड़के से दोस्ती की। उसने शादी का झांसा दिया और अपने साथ ले गया। यहां दुष्कर्म किया और वापस छोड़ गया। पिता की शिकायत पर पुलिस ने लड़की को खोजा तो उसकी खुद की करतूत भी सामने आ गई। पुलिस ने पिता और प्रेमी दोनों को बुधवार देर शाम को गिरफ्तार कर लिया।

भैरुंदा थाना क्षेत्र की रहने वाली नाबालिग लड़की के साथ पिता पिछले चार महीने से दुष्कर्म कर रहा था। पिता के जुल्मों को झेल रही लड़की की पहचान छिंदवाड़ा के रहने वाले मोहित से हुई। मोहित ने उसके जख्मों पर मरहम लगाया और शादी की बात कही तो वह उसके साथ जाने को राजी हो गई। लड़का उसे अपने साथ ले गया और संबंध बनाए।

लड़की ने शादी की बात ही तो वह मुकर गया। लगातार धोखा मिलने से लड़की ने जान देने का मन बनाया, लेकिन बाद में उसने हिम्मत दिखाई और थाने पहुंची।

उसने पुलिस को बताया कि मेरी मां का निधन हो गया है। पिता ने 4 महीने पहले दुष्कर्म किया और धमकाया कि किसी के सामने मुंह खोला तो तेरी मां के पास तुझे भेज दूंगा। पिता आए दिन जबरदस्ती करने लगे। पिता से बचने के लिए मोहित के साथ घर से चली गई। पिता ने पुलिस में गुमशुदगी दर्ज करवा दी। उधर, मोहित ने शादी से मना कर दिया। पुलिस ने मोहित को गिरफ्तार कर लिया।

**ऐसे खुला पिता की हरकतों का राज :** एसडीओपी दीपक कपूर और थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी ने बताया कि पिता कि शिकायत पर नाबालिग को मुक्त कराया गया। पूछताछ में उसने प्रेमी द्वारा दिए गए धोखे का जिक्र किया। वहीं, पिता की हरकतों का भी खुलासा किया। दोनों को ही गिरफ्तार कर लिया गया है।

## शादी समारोह में लोगों को कुचलने दौड़ाई कार, सीहोर में शराब पीने पर आपत्ति के बाद भिड़े दोनों पक्ष, मारपीट-पथराव में 8 घायल

**सीहोर।** ग्राम बुगली में शादी समारोह के दौरान वर और वधु पक्ष के बीच विवाद हो गया। मारपीट के बाद पथराव और गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई। वर पक्ष के लोगों ने वधु पक्ष के सदस्यों को कार से कुचलने की कोशिश की। इसका वीडियो भी सामने आया है।

वीडियो में दिख रहा है कि खाली मैदान में दो कारें कुछ लोगों के पीछे दौड़ रही हैं। वे जान बचाने के लिए भाग रहे हैं। कुछ लोग गाड़ियों पर पत्थर फेंकते भी दिख रहे हैं। विवाद में दोनों तरफ के 8 लोग घायल हुए हैं। दोराहा थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम को हुए इस विवाद के बाद देर रात दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। इसके चलते किसी ने पुलिस में शिकायत नहीं की है।



**पथराव करने वालों के पीछे दौड़ाई गाड़ियां:** दौलतपुरा ग्राम पंचायत के मन्यासा गांव में रहने वाले शब्बीर बेलदार के बेटे की शादी बुगली निवासी इसराइन बेलदार की बेटी से तय हुई थी। मंगलवार को बारात बुगली पहुंची। यहां दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। बहस से शुरू होकर बात मारपीट तक पहुंच गई। लड़की वालों ने लड़के पक्ष के लोगों पर पथराव कर दिया। इसी दौरान बारात में आए कुछ युवक दो कारों में सवार हो गए। उन्होंने अपनी गाड़ियां पथराव कर रहे लोगों के पीछे दौड़ा दी। उन्हें कुचलने का प्रयास किया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने फिल्मी अंदाज में लोगों को कुचलने की इस कोशिश का वीडियो बना लिया। उन्होंने दोराहा थाना पुलिस को फोन लगाकर सूचना दी।

**वधु पक्ष बोला- लड़के वालों ने शराब पीकर हंगामा किया :** वधु पक्ष के लोगों ने कहा, बारात में शामिल युवकों ने शराब पी रखी थी। हमने आपत्ति जताई तो वे बदतमीजी करने लगे। उन्होंने मारपीट शुरू कर दी।

**थाना प्रभारी ने कहा- शिकायत आने पर कार्रवाई करेंगे :** दोराहा थाना प्रभारी राजेश सिन्हा ने कहा- सूचना मिलते ही टीम को मौके पर भेजा। समझौता होने की वजह से किसी भी पक्ष ने केस दर्ज नहीं कराया है। शिकायत आने पर कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध मदिरा के विरूद्ध की गई कार्रवाई



**सीहोर।** कलेक्टर प्रवीण सिंह के निर्देशानुसार आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रह, विक्रय एवं परिवहन की रोकथाम के लिए निरंतर कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी दीप सिंह राठौर ने बताया कि 24 एवं 26 जून को अष्टा विकासखंड के ग्राम चिन्नौटा, फुडरा, मैना, अरनिया, हरनियागांजी में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 6 प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई। जिसमें लगभग 30 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 500 किलो महुआ लाहन जब्त किया गया। जप्तशुदा शराब एवं लाहन का बाजार मूल्य 54,500 रुपए है।

## भोपाल की ओर से आ रहे बाइक सवार युवकों को ट्रैक्टर ने टक्कर मारी, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर जिले के ग्राम पंचायत दोराहा अंतर्गत श्यामपुर नहर पुलिया बाईपास रोड पर बुधवार रात एक हादसा हो गया। यहां रात करीब 8 बजे भोपाल से दोराहा की ओर आ रहे बाइक सवार युवकों को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों बाइक सवार युवक घायल हुए हैं।

जानकारी के अनुसार, बुधवार रात करीब 8 बजे प्रकाश प्रजापति और मनीष सेन भोपाल की ओर से दोराहा जा रहे थे, उसी दौरान श्यामपुर नहर पुलिया बाईपास रोड पर उनकी बाइक एक ट्रैक्टर से टकरा गई, हादसे में दोनों युवकों के पैरों में चोट आई है। वहीं, तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को दोराहा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से भोपाल रेफर कर दिया गया।

### सड़क पर मवेशी छोड़ने पर होगी कार्रवाई

**सीहोर।** सड़क पर पाए जाने वाले गोवंश को स्थानीय निकाय के कर्मचारियों द्वारा किसी सुदूर गोशाला या गोठान में पहुंचा दिया जाएगा।

दुधारू गोवंश को छोड़ने पर पशु मालिक पर आर्थिक रूप से दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। इस अप्रिय स्थिति से बचने के लिए गोपालक अपने मवेशियों को सड़कों पर भटकने से बचाये और शासन-प्रशासन को सहयोग करें। पशुपालकों से अपील की है कि अपने गोवंश को सड़कों पर खुला न छोड़ें। नेशनल और स्टेट हाई-वे सहित ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र की सड़कों पर पालतू पशु भटक रहे हैं।

## टीकामोड़ क्षेत्र में मंदिर पर गिरी बिजली : छत का प्लास्टर उखड़ा, बिजली के तार जले, बल्ब टूटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले की भैरूंदा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत टीकामोड़ के ग्राम सुनेड में मंदिर पर बिजली गिर गई। छत से प्लास्टर उखड़कर गिर गया। बिजली के तार जल गए। बल्ब टूट गए। गांव के लोगों को इसकी जानकारी सुबह लगी।

घटना बुधवार रात की बताई जा रही है। तेज हवा और बारिश के कारण क्षेत्र में बिजली गिरने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। गुरुवार सुबह जब मंदिर के पुजारी ललित शर्मा पहुंचे तो उन्होंने वहां पर प्लास्टर नीचे पड़ा हुआ देखा। इसके बाद जानकारी गांव के अन्य लोगों को लगी। अब गांव के लोग मिलकर इसे सही कराएंगे।

## नगर पालिका का अमला पूरी बारिश के दौरान मॉनिटरिंग करता रहा है

# नपाध्यक्ष ने सीटू नाले की सफाई का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बरसात से पूर्व शहर को स्वच्छ व साफ-सुथरा बनाये रखने के लिए बुधवार को नगर पालिका के पूरे सफाई अमले ने सीटू नाले में रानी मोहल्ला, मछली पुल के पास सफाई अभियान चलाया गया। जेसीबी के द्वारा यहां पर जमा कचरा आदि हटाया जा रहा है। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, क्षेत्र के अनेक पार्षदों के अलावा नगर पालिका का सफाई अमला साथ था, बारिश से पूर्व नाले की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। गत वर्ष भी बारिश से पूर्व इन नालों की सफाई के कारण समस्या नहीं आई थी। बरसात के दिनों में हमेशा जलभराव की परेशानी हो जाती है, विगत वर्षों पूर्व बरसात में लोगों के घरों में पानी घुस गया था। नालों की सफाई नहीं होने से शहर के ज्यादातर इलाकों में जलभराव की स्थिति हो गई थी, जिससे लोगों को काफी नुकसान पहुंचा था। इन्हीं परेशानियों को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका ने शहर में जलभराव की स्थिति से निपटने का काम शुरू कर दिया है। इसके अलावा तीन दिनों पूर्व देर रात्रि को करीब तीन इंच बारिश हो गई थी, पहली बारिश में कुछ जगह जलभराव की शिकायत मिली है। नगर पालिका का अमला पूरी बारिश के दौरान मॉनीटरिंग करता रहा है।





शहर में जहां भी दिक्कत थी, जेसीबी से नाली की सफाई करा दी। नपाध्यक्ष राठौर के द्वारा नियमित रूप से इस ओर ध्यान दिया जा रहा है। बुधवार को भी ऐसे में नगर परिषद अध्यक्ष ने नगर की साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर नगर के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया ओर सीएमओ को तत्परता के साथ नाले व नालियों की सफाई कराए जाने के निर्देश दिए। पानी की उचित निकासी की व्यवस्था के लिए सफाई अमला प्रत्येक वार्डों में पहुंचकर एक पखवाड़े के अंदर सफाई व्यवस्था को अंजाम दे।

उनके द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित उपयंत्री व स्वच्छता प्रभारी को भी निर्देश देते हुए कहा कि वह नियमित रूप से वार्डों में पहुंचकर सफाई व्यवस्था का जायजा ले। जहां भी पानी निकासी में परेशानी आ रही है वहां टीम ले जाकर तत्काल सफाई करे। जिससे कि बरसात के दौरान नगर के वार्डों में जल भराव की स्थिति निर्मित ना हो। उन्होंने नगर के मध्य से बहने वाले मुख्य नाले की सफाई को लेकर भी निर्देश दिए।

**मछलीपुल में फंसी जलकुंभी को जेसीबी से हटाया :** सीटू नाले में जलकुंभी फैलने से गंदगी पूरे साल बनी रहती है। बारिश होने के कारण यह जलकुंभी मछलीपुर में जाकर फंस गई। जिसके कारण पानी की निकसी नहीं हो पा रही थी। बारिश में जलभराव न हो उसे देखते हुए। गुरुवार को नपा अमले ने जेसीबी के मदद से मछलीपुल में फंसी जलकुंभी हो हटा दिया।

## जिले में अब तक 122 एमएम औसत बारिश दर्ज



**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह आठ बजे तक 11.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 12, मिलीमीटर, श्यामपुर में 14, आष्टा में 0, जावर में 0, इछावर में 0, भैरूंदा में 45.2, बुधनी में 0, रेहटी में 19 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में एक जून से 27 जून को सुबह 8 बजे तक 122 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 142.6 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है।

अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से 27 जून 2024 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 173.8, मिलीमीटर, श्यामपुर में 118, आष्टा में 85, जावर में 90.8, इछावर में 248, भैरूंदा में 96, बुधनी में 62 तथा रेहटी में 102.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## खबर संक्षेप

### बाल देखरेख संस्थाओं को नियमित रूप से मिलेगा अनुदान

**सीहोर।** मिशन वात्सल्य अंतर्गत संचालित बाल देखरेख संस्थाओं को शीघ्र अनुदान राशि प्रदान करने के निर्देश महिला-बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने दिये। विभाग द्वारा ऐसी संस्थाएँ, जिन्हें दो या तीन सालों से अधिक समय से मान्यता दी गयी है और वे बिना किसी अनुदान के संस्था का संचालन कर रहे हैं, ऐसी सभी संस्थाओं को सूचीबद्ध कर भविष्य में पीएबी की बैठक में अनुमोदन के लिये प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने ने कहा कि बाल देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चे अत्यंत संवेदनशील हैं। ऐसे में इन बच्चों की देखभाल करने वाली संस्थाओं को लंबे समय से अनुदान न मिलने से इन्हें दी जाने वाली सेवाएँ निश्चित तौर पर प्रभावित हुई हैं। यह भी सुनिश्चित किया जाये कि भविष्य में इन संस्थाओं को नियमित रूप से अनुदान मिल सके। इसके लिये आवश्यक कार्य-प्रणाली विकसित की जाये। उन्होंने संस्थाओं को भी निर्देशित किया है कि निवासरत बच्चों को गुणवत्तापूर्ण सेवा मिले, यह सुनिश्चित किया जाये।

### चिकित्सा शिक्षा प्रवेश में 5 प्रतिशत सीट आरक्षित

**सीहोर।** राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश चिकित्सा शिक्षा प्रवेश नियम-2018 में संशोधन किया है। संशोधन अनुसार अब शासकीय विद्यालय के विद्यार्थी को सभी शासकीय एवं निजी महाविद्यालय में एमबीबीएस एवं बीडीएस के लिये स्वीकृत कुल सीट्स में से 5 प्रतिशत सीट्स आरक्षित की गई हैं। महिला अभ्यर्थी को सभी महाविद्यालयों में सभी पाठ्यक्रम में 30 प्रतिशत आरक्षण, दिव्यांग अभ्यर्थी को सभी महाविद्यालयों में सभी पाठ्यक्रम में 5 प्रतिशत तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अभ्यर्थी और सैनिक अभ्यर्थी को केवल शासकीय महाविद्यालय में एमबीबीएस एवं बीडीएस के लिये कुल सीट्स का 3-3 प्रतिशत निर्धारित किया गया है। महिला, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सैनिक, दिव्यांग, अनिवासी भारतीय प्रवर्ग एवं शासकीय विद्यालय के विद्यार्थी शामिल हैं। इसी प्रकार जोड़े गये उप-नियम अनुसार शासकीय विद्यालय से अभिप्रेत है कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों में ऐसे विद्यार्थी, जिन्होंने शासकीय विद्यालय में कक्षा-6 से 12वीं तक नियमित अध्ययन कर परीक्षा उत्तीर्ण की हो अथवा शिक्षा का अधिकार अधिनियम के माध्यम से प्रवेश के आधार पर कक्षा-1 से 8 तक निजी विद्यालयों में अध्ययन करने के बाद शासकीय विद्यालय में कक्षा-9 से 12वीं तक नियमित अध्ययन कर परीक्षा उत्तीर्ण हो, को शामिल किया गया है।

### बीजों के विक्रेता को लायसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लायसेंस के व्यापार करते पाये जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी, जिसकी जवाबदेही सम्बन्धित निजी बीज विक्रेता की रहेगी।

शासन द्वारा रसोईयों को बिना किसी कारण से नहीं हटाया जाए

# स्व-सहायता समूहों ने की मध्याह्न भोजन की राशि दिलाने की मांग

ज्ञापन में स्व-सहायतासमूह ने मध्यान्ह भोजन की राशि दिलाए जाने की मांग की है। पदाधिकारियों ने बताया कि मध्यान्ह भोजन सप्लाई करने वाले स्व-सहायता समूहों को दो महीने तक भुगतान नहीं किया जा रहा है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रांतीय महिला स्व-सहायता समूह मध्यप्रदेश के तत्वाधान में आज बड़ी संख्या में महिलाओं ने प्रदर्शन करने के उपरांत प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम से संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा है। ज्ञापन में स्व-सहायतासमूह ने मध्यान्ह भोजन की राशि दिलाए जाने की मांग की है। पदाधिकारियों ने बताया कि मध्यान्ह भोजन सप्लाई करने वाले स्व-सहायता समूहों को दो महीने तक भुगतान नहीं किया जा रहा है। मध्यांह भोजन पकाने वाली रसोइया ओर समूह से जुडी महिलाओ की समस्यो के समाधन हेतु ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि मध्यांह भोजन पोषण आहार दो माह की बकाया राशि का भुगतान करवाया जावे। हमारे क्षेत्र के सभी स्व-सहायता समूह मे समय पर खाघान उपलब्ध नही हो पाता है उसे समय पर उपलब्ध काराया जावे, प्राथमिक एंव माध्यमिक शालाओ की राशि अभी वर्तमान मे प्राथमिक शाला की 5.45 रू है ओर बढ़ाकर 10 रू की जाय एवं माध्यमिक की पोषण आहर सामग्री राशि 8.17 रू. से बढाकर 15 रू की जाय। शासन द्वारा रसोईयो को बिना किसी कारण से हटाया जा रहा है, उन्हें नहीं हटाया जावे नही तो यह सभी महिलाये बेरोजगार हो जाएगी।

## हर माह पोषण आहार की राशि समय पर उपलब्ध हो

आगंनबाडी एवं सांझा चूल्हा की राशि चार माह हो चुके है। अभी समूहो के खाते में प्राप्त नहीं हुई है, जिसको शीघ्र समूहो के खाता में डालवाई जावे। हर माह पोषण आहार की राशि समय पर उपलब्ध करवाई जावें। यदि पोषण आहार की राशि समय पर उपलब्ध नहीं होती है तो हम स्व-सहायता समूह मिन्यु अनुसार भोजन नहीं दे पायेंगे। प्रांतीय महिला स्व-समूह कर्ज लेकर बच्चो को भोजन उपलब्ध करा रही है। ज्ञापन सौंपने के दौरान सीहोर जिला अध्यक्ष रानी गोस्वामी मथुरा प्रसाद, सीहोर ब्लॉक अध्यक्ष मोमबत्ती विश्वकर्मा, ब्लॉक सचिव प्रेम बाई घनश्याम, ब्लॉक प्रभारी मुन्नी बी, जिला प्रभारी भगवती बाई करण सिंह, इछावर ब्लॉक अध्यक्ष चिंता बाई जाट तुलसीराम जाट, सचिन संजू भाई शर्मा पति जगदीश शर्मा, सदस्य संगीता बाई सेन मुकेश सेन, सहसचित सुनीता बाई, ब्लॉक अध्यक्ष नसरुल्लागंज सुनीता बाई, अजय बुधनी से ब्लॉक अध्यक्ष देविका बाई आदि शामिल थे।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति और आवास सहायता के आवेदन एमपी टास्क पोर्टल पर 30 तक


**सीहोर।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा एमपी टास्क पोर्टल पर अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता अप्लाई एवं अपलोड (नवीन एवं नवीनीकरण) की तिथि 30 जून तक निर्धारित की है। विद्यार्थियों द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिये शत प्रतिशत आवेदन नहीं कर पाने के कारण 30 जून 2024 तक आवेदन की सुविधा प्रदान की गई है। साथ ही समस्त संस्थाओं को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है, कि उनकी संस्था में अध्ययनरत कोई भी पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने से वंचित न रहे। यदि निर्धारित समय-सीमा के बाद कोई भी विद्यार्थी आवेदन करने से छूट जाता है तो इसकी सम्पूर्ण जवाबदारी सम्बंधित संस्था/विद्यार्थी की होगी जिन संस्थाओं द्वारा समय-सीमा में कार्यवाही पूर्ण नहीं की जायेगी उन सभी संस्थाओं की जवाबदेही तय की जाकर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

## थाना भैरूंदा पुलिस ने 24 घंटे के भीतर नाबालिग अपहृता को किया दस्तयाब, आरोपी को भेजा जेल



**भैरुंदा।** 22 जून को फरियादी सुरेश परते उम्र 40 साल निवासी ग्राम खरसानिया ने थाने में मामला दर्ज कराया उसकी नाबालिक बच्ची उम्र 15 वर्ष को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर ले गया फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस व्यक्ति तलास में जुट गई। घटना की गंभीरता को देखते हुऐ सीहोर पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी द्वारा नाबालिक बालिका की तत्काल बरामदगी व अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग व एसडीओपी दीपक कपूर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भैरुंदा घनश्याम दांगी द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए समस्त जिलों में गुमशुदा बालिका की सूचना एवं फोटो जरिए मेल भेजे गए तत्पश्चात थाना आरपीएफ जुन्नारदेव छिंदवाड़ा से गुमशुदा बच्ची की बरामदगी होने की सूचना प्राप्त हुई सूचना प्राप्त होने पर तत्काल टीम को जुन्नारदेव छिंदवाडा भेजकर नाबालिक बच्ची उम्र 15 वर्ष को आरोपी मोहित उर्फ गव्वर मन्नू यदुवंशी उम्र 18 साल निवासी जुनार्देव जिला छिंदवाडा के कब्जे से घटना के 24 घण्टे के भीतर दस्तयाब किया गया व अपहृता के कथन एवं मेडिकल परीक्षण कराने उपरान्त अपहृता को उसके परिजनो के सुपुर्द किया गया। अपहृता के कथन के आधार पर आरोपी मोहित उर्फ गब्बर को गिरफ्तार कर न्यायालय भैरूंदा पेश किया गया। न्यायालय द्वारा आरोपी को जेल भेजा गया।

## एमपी नौसेना इकाई एनसीसी भोपाल में 10दिवसीय प्रशिक्षण



**सीहोर।** एमपी नौसेना इकाई एनसीसी भोपाल का 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान भोपाल में संचालित किया जा रहा है इसमें सीहोर के शासकीय सुभाष उमावि गंज और आशकीय शारदा उमावि के एनसीसी नेवल बिग के लगभग 25 कैडेट भाग ले रहे हैं। शिविर में मध्य प्रदेश के 450 कैडेट भाग ले रहे हैं। इसमें कैंप कमांडर श्रीकांत गर्ग के निर्देशन में आज भोपाल जिले के मेडिकल अधिकारी डॉ प्रभाकर तिवारी ने सभी कैडेट्स को मेडिकल के संबंध जानकारियां दी डॉ प्रभाकर तिवारी ने जो बीमारियां फेल रही हे उसके पीछे के कारण बताते हुऐ एनजेपनीस & इन सेफेलाइटिस जेसी खतरनाक बीमारियों के लक्षण और रोकथाम के बारे में एनसीसी कैडेट्स को अनेक जानकारी दी साथ ही कैडेट्स के द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब भी दिए साथ हीआशा कार्यकर्ता, हेल्थ सेंटर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिविल अस्पताल, जिला अस्पताल 108 के बारे में सभी जानकारियां दी। इस अवसर पर रोहित सोनी, नवीन चौरसिया हेनरी डिसोजा आशासकीय शारदा उमावि के एनसीसी अधिकारी अमित गांधी और सुभाष उमावि गंज सीहोर के एनसीसी आधिकारी राजेश्वर तिवारी भी कैंप में मौजूद हे।

# विहिप दुर्गा वाहिनी ने दिया हिंदू बेटियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण



**सीहोर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल दुर्गा वाहिनी के द्वारा हिंदू बेटियों को आत्मरक्षा प्रशिक्षण देने के लिए 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर टाउन हॉल परिसर में आयोजित किया गया। गुरुवार सुबह विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के सीहोर जिला अध्यक्ष जगदीश कुशवाहा के मुख्य अतिथिय में दुर्गा वाहिनी प्रशिक्षण शिविर का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दुर्गा वाहिनी साप्ताहिक मिलन प्रमुख अलका कुशवाहा, दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका नीलू चौहान, दुर्गा वाहिनी सह जिला संयोजिका संतोष मंडले और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विहिप जिला अध्यक्ष श्री कुशवाहा के द्वारा माता दुर्गा भवानी के चित्र पर माला अर्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में आत्मरक्षा का प्रशिक्षण ले रही बालिकाओं के द्वारा दंड चलाना, तलवार चलाना, बंदूक चलाना, जूडो कराटे सहित आत्मरक्षा से संबंधित युद्ध कलाओं का प्रदर्शन किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त बालिकाओं को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला अध्यक्ष जगदीश कुशवाहा ने कहा कि देश में बालिकाओं के साथ अन्याय अत्याचार तेजी से बढ़ रहा है हिंदू बेटियां सुरक्षित नहीं है ऐसे हालातो में दुर्गा वाहिनी का प्रशिक्षण बेटियों को आत्मरक्षा करने के लिए मजबूत बनाता है। हिंदू बेटियों को बरगलाने उन्हें पद भ्रष्ट करने की चेष्टा के साथ विधर्मियों के द्वारा अनेक षड्यंत्र कारी प्रयोजन किए जा रहे हैं। कुशवाह ने कहा कि लव जिहाद और धर्म परिवर्तन के लिए सबसे ज्यादा विद्यार्थियों के द्वारा बेटियों को निशाना बनाया जा रहा है हमें सावधान रहना है बेटियों को भी सावधान करना है। दुर्गा वाहिनी में दिए गए प्रशिक्षण से बेटियां गुंडे बदमाशों और विधर्मियों का डटकर मुकाबला करने में सक्षम हो गई है। बालिकाओं को अलका कुशवाहा और नीलू चौहान के द्वारा भी संबोधित करते हुए आत्मरक्षा के लिए सिखाऐ गए तरीकों का इस्तेमाल विपत्ति काल में करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। प्रशिक्षण शिविर समापन कार्यक्रम के दौरान दुर्गा वाहिनी की कार्यकर्ता बहने विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता और बालिकाएं उपस्थित रही।

## जन्म-मृत्यु पंजीयन का प्रशिक्षण जिपं सभाकक्ष में आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जनगणना कार्य निदेशालय के निर्देशानुसार जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जिला पंचायत के सभाकक्ष में जन्म-मृत्यु पंजीयन कार्य से संबंधित रिवेंप्ड सीआरएस पोर्टल पर जन्म-मृत्यु पंजीयन कार्य सरलता एवं सुगमता से करने के लिए एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जन्म मृत्यु संशोधन अधिनियम 2023 एवं रिवैंप्ड सीआरएस पोर्टल पर प्रशिक्षण दिया गया एवं विस्तृत चर्चा की गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि अधिनियम लागू होने वाली दिनांक 01 अक्टूबर, 2023 के बाद जन्मे बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र अनिवार्य कर दिया गया है, जो बच्चे से संबंधित बनाए जाने वाले अन्य समस्त दस्तावेजों जैसे - आधार, पैन, स्कूल में प्रवेश, मतदाता सूची का अद्यतन , ड्राइविंग लाइसेंस, सरकारी नौकरियों में जॉइनिंग एवं अन्य नागरिक सुविधाओं को प्राप्त करने का एक एक मात्र प्रमाण पत्र होगा । चिकित्सा संस्थानों में हुई प्रत्येक मृत्यु का मृत्यु के कारणों का चिकित्सीय प्रमाणीकरण संबंधित संस्थान के चिकित्सक द्वारा दिया जाना अनिवार्य होगा। उसकी एक प्रति संबंधित रजिस्ट्रार एवं दूसरी प्रति निकटतम संबंधी को निशुल्क दी जाएगी। रिवैंप्ड पोर्टल में आम नागरिकों द्वारा मोबाइल ओटीपी के माध्यम से जन्म मृत्यु की सूचना घटित घटना के स्थान से संबंधित रजिस्ट्रार को ऑनलाइन प्रेषित की जा सकेगी एवं रजिस्ट्रार द्वारा सत्यापन कर प्रमाण पत्र जारी किया जा सकेगा, जो सूचनादाता द्वारा उल्लेखित ईमेल आईडी पर प्राप्त हो जायेगा एवं कभी भी डाउनलोड किया जा सकेगा।

प्रशिक्षण में जिला योजना अधिकारी एवं जिला रजिस्ट्रार ( जन्म मृत्यु) संजय लक्केवार, जिले के समस्त शासकीय चिकित्सा संस्थानों के प्रभारी चिकित्सक उनके सहयोगी, समस्त नगरीय निकायों के रजिस्ट्रार एवं उनके सहयोगी, जनपद पंचायत सीईओ एवं कुछ निजी हॉस्पिटल के चिकित्सक उपस्थित रहे।

# अच्छे मानसून के इंतजार में बैठे किसानों ने बोवनी शुरू की



**सीहोर।** पिछले तीन दिनों से ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही रूक-रूककर बारिश से किसानों के चेहरे खिले हुए है। हालांकि अभी तक संपूर्ण जिले में सबसे कम बारिश भैरूंदा क्षेत्र में दर्ज की गई है। अभी तक के हिसाब से जहां ग्रामीण अंचलों में बारिश का दौर लगातार बना हुआ हैं वहीं नगरीय क्षेत्र में बारिश की आमद सही ढंग से नहीं हो पाई है। ऊपर से विद्युत की अघोषित कटौती से इस समस्या को और बढ़ा दिया है। दूसरी ओर लगातार बारिश होने से क्षेत्र में तेजी के साथ बोवनी शुरू हो चुकी है। 78 हजार हेक्टेयर रकबे में सोयाबीन, मक्का, धान, उड़द, अरहर की बोवनी की जाना है। कृषि विभाग के मुताबिक अभी तक 6 हजार हेक्टेयर में बोवनी का हो चुकी है। जिसमें अधिक मक्का किसानों ने बोया है। मंगलवार देर शाम चार बजे अचानक मौसम परिवर्तन होने से रिमझिम बारिश शुरू हुई, जो लगभग आधा घंटे से भी अधिक समय तक चली। एक नजर खरीफ सीजन के रकबे पर इस वर्ष कृषि विभाग द्वारा खरीफ सीजन का रकबा 75 हजार हेक्टेयर में निर्धारित किया गया है,जिसमें अनाज में 12500 हेक्टेयर में धान, 150 हेक्टेयर में ज्वार, 18 हजार हेक्टेयर में मक्का, 500 हेक्टेयर में, दलहन में अरहर, 150 हेक्टेयर में मूंग, 200 हेक्टेयर में उड़द, खाद्यान्न में तिल 500 हेक्टेयर में, सोयाबीन 43 हजार हेक्टेयर में निर्धारित किया गया है। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ने बताया कि अभी तक 1380 हेक्टेयर में मक्का की बोवनी किसानों द्वारा की जा चुकी है।

# नेनो उर्वरकों के उपयोग पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित




**सीहोर।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास, सहकारिता विभाग एवं उर्वरक सहकारी संस्था इफको द्वारा जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई। इस कार्यशाला में खरीफ फसलों की तैयारी एवं नैनो उर्वरकों के उपयोग के बारे में बताया गया। कार्यशाला में रासायनिक एवं पारंपरिक उर्वरक के स्थान पर नैनों उर्वरकों के उपयोग में बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।

प्रशिक्षण में बताया गया कि, यूरिया एवं डीएपी का पौधे मात्र 25 से 30 प्रतिशत तक ही उपयोग कर पाते हैं तथा शेष नाइट्रोजन जमीन में नीचे रिस कर हमारे जल स्त्रोंतो को प्रभावित करता है। कार्यशाला में बताया गया कि नैनो यूरिया 4 मीली प्रति लीटर एवं डीएपी 5 मिली प्रति लीटर का उपयोग सीधे पत्तियों पर छिड़काव करके किया जाता है, जिससे उर्वरक की एक संतुलित मात्रा ही पौधों को प्राप्त होती है। नैनो उर्वरक का उपयोग किसानों एवं पर्यावरण के हित में आवश्यक है, इसके उपयोग से उत्पादन में भी 5% की वृद्धि देखी गयी है। साथ ही आगामी सीजन में डीएपी उर्वरक की कम मात्रा में उपलब्धता होने से उसके स्थान पर एनपी के उर्वरक जैसे-12.32.16, 19.19.19, 16.16.16 आदि का उपयोग किया जाना चाहिए।

कार्यशाला में उप संचालक कृषि केके पाण्डेय, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीएन यादव तथा इफको के राज्य विपणन प्रबंधक प्रकाश चंद्र पाटीदार एवं उप महाप्रबंधक आरकेएस राठौर सहित कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

अतिशेष सूची के पूर्व प्रमोशन लिस्ट निकाले जाने सहित अन्य मांगें की

# मप्र राज्य कर्मचारी संघ ने शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर सहायक संचालक सुश्री सलोनी शर्मा को ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग कि पोर्टल पर अतिशेष सूची पदर्शित हो रही है। जिससे कई शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं। अतिशेष सूची से पूर्व उच्च पद-प्रभार की सूची जारी की जावे, जिससे कि शिक्षकों के पद रिक्त हो सकेगें और शिक्षकों को उच्च पद प्रभार मिल सकेगा। जिन प्राथमिक शिक्षकों की माध्यमिक शिक्षक के पद पर उच्च पद प्रभार हेतु काउंसलिंग हो गयी है परंतु उनके अब तक आदेश जारी नहीं हुए हैं उनके आदेश शीघ्र जारी किये जाए। शासन के आदेशानुसार 46 प्रतिशत महंगाई भत्ते के एरियर की प्रथम किस्त के भुगतान के बिल 5 जुलाई तक ट्रेजरी मे लगाये जाए। शिक्षक/अध्यापक/सहायक शिक्षक/प्रा. शिक्षक की शाला में पदस्थापना दिनांक त्रुटिपूर्वक है। इसमे जूनियर को सीनियर तथा सीनियर को जूनियर दिखाया जा रहा है। शिक्षको से पूर्व मे जानकारी उपलब्ध करा दी थी परन्तु फिर भी उसे सुधारा नहीं गया। इस हेतु शिक्षकों के पदस्थापना दिनांक की छायाप्रति का अवलोकन कर त्रुटि सुधारने का कार्य किया जावे। स्थानातरण पश्चात आये शिक्षकों की ज्वाइनिंग डेट त्रुटि है। संकुल प्राचार्य को निर्देश जारी कर उसे सुधारा जावे। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से मध्य प्रदेश संभागीय उपाध्यक्ष गोपाल सिंह ठाकुर, तहसील अध्यक्ष कुन्दनलाल राय, हरिओम शर्मा दाऊ, ब्लाक अध्यक्ष अभिषेक भार्गव, सन्तोष कुमार जैन, मनोज कुमार व्यास, अंकुर शर्मा, सुरेन्द्र यादव, बलवीर शाक्य, संतोष शर्मा, दिनेश शर्मा, दिलीप राठौर आदि उपस्थित रहे।

## अतिक्रमण को हटवाने के लिए पीड़ित ने जनसुनवाई में लगाई गुहार



**सीहोर।** सीहोर के वार्ड क्रं. 23 जनता कॉलोनी निवासी हरिचरण सोनी सेवानिवृत्त जिला पंचायत कर्मचारी ने जनसुनवाई में आवेदन देकर आग्रह किया है कि उसके घर के पीछे नगर पालिका के कांजी हाउस की भूमि है जिसकी जगह पर सोनू सोनी द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है, जिसकी जानकारी प्रार्थी द्वारा संबधित विभाग को दी गई थी और सी.एम. हेल्पलाईन में भी शिकायत दर्ज कराई गई परन्तु अभी तक किसी भी विभाग द्वारा अतिक्रमण के विरूद्ध उचित कार्यवाही नहीं की गई। उक्त अतिक्रमणकर्ता द्वारा प्रार्थी के दरवाजे पर विगत तीन माह से चादर व ईंटे जमा रखी है, उक्त ईंटे व चादर हटाने हेतु नगर पालिका के अतिक्रमण प्रभारी द्वारा भी अतिक्रमणकर्ता से कहा गया परन्तु अतिक्रमणकर्ता द्वारा अतिक्रमण प्रभारी की बात भी नही मानी और कहाँ कि आपसे बने जो कर लेना, हम ईट व चादर नही हटायेगें। जिसको लेकर आवेदक ने जनसुनवाई में निवेदन किया है कि अतिक्रमण हटवाया जावे तकि आवागवन में परेशानी उत्पन्न ना हो।

### कलेक्टर ने 15 अगस्त तक मछलियों के मारने, बेचने पर लगा रखा है पूर्ण प्रतिबंध

# जिले में गर्भकाल में मारी जा रहीं मछलियां मत्स्य विभाग के अधिकारी भी मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ मुख्यालय पर बुधवार के साप्ताहिक हाट-बाजार में सुबह से शाम तक बाकायद हमेशा की तरह सुबह से देर शाम तक मछली बाजार आम दिनों की तरह लगा रहा। लेकिन, मत्स्य विभाग का कोई जिम्मेदार कार्यवाही करने नहीं पहुंचा। राजगढ़ कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने विगत दिनों आदेश जारी करते हुए 15 जून से 15 अगस्त तक का समय मछलियों के मारने, परिवहन एवं बेचे जाने पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। लेकिन, इसके बाद भी न केवल राजगढ़ बल्कि ब्यावरा, नरसिंहगढ़, सारंगपुर, खिलचीपुर समेत जिले के अन्य शहरों, कस्बों एवं ग्रामों में प्रतिदिन बाजार लगाकर खुलेआम मछलियां बेची जा रही हैं।

#### इसलिए लगा है प्रतिबंध

दरअसल, जून के मध्य से लेकर अगस्त तक के समय मछलियों का प्रजननकाल रहता है। इस अवधि में मछलियां सैकड़ों अंडे देती हैं और उन सैकड़ों अंडों में से हजारों मछलियां पैदा होती हैं। अगर, गर्भवती एक मछली को मार दिया जाए तो वो सिर्फ एक नहीं बल्कि उसके पेट में अंडों के रूप में पल रही सैकड़ों मछलियां पैदा होने से पहले ही मर जाती हैं। ऐसे में मछलियों का विकास रुक जाता है।



#### इधर, मछलियों के संवर्धन के लिए बांटे गए डेढ़ करोड़

एक तरफ जहां प्रजननकाल में बेहिसाब मछलियों को मारा जा रहा है। वहीं दूसरी ओर मत्स्य विभाग मछलियों के संवर्धन हेतु प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 1 करोड़ 55 लाख रूपये लोगों को बांट चुका है, ताकि वे छोटे-छोटे तालाब आदि बनाकर मछलियों को बढ़ाने में मददगार बने। वहीं दूसरी और प्रतिदिन हजारों गर्भवती मछलियां लोगों का आहार बन रही हैं।

जून से अगस्त तक रहता है प्रजननकाल, अंडे देती हैं मछलियां

#### मछलियां मारने, बेचने पर आज से 15 अगस्त तक पूरी तरह प्रतिबंध




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जून मध्य से लेकर अगस्त मध्य तक का समय विभिन्न प्रकार की मछलियों के लिए प्रजननकाल का समय रहता है या दूसरे शब्दों में कहें तो मछलियां अंडे देती हैं। यही कारण है कि मछलियों का उत्पादन, वंशवृद्धि को बढ़ाने उक्त अवधि को मतस्याखेट के लिए प्रतिबंधित किया जाता है। कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने विभाग के नियमों और अधिनियम के तहत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंदऋतु (क्लोज सीजन) के रूप में अधिघोषित किया है। इस अवधि में मछलियों को मारने, बेचने इत्यादि पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। जारी आदेशानुसार अगर कोई व्यक्ति आदेश का उल्लंघन करेगा तो उसे 1 वर्ष का कारावास, 5 हजार रुपए जुर्माना अथवा दोनों सजाएं दी जा सकती हैं। छोटे तालाब या अन्य स्रोत जिनका संबंध नदी, नालों से नहीं है, को छोड़कर समस्त नदियों व जलाशयों में बंद ऋतु में मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित होगा। इस अवधि में किसी प्रकार का मत्स्याखेट, मत्स्य परिवहन, मछलियों का क्रय-विक्रय न तो स्वयं करने और न ही अन्य को सहयोग करने की अपील मतस्य विभाग द्वारा की गई है।

**क्या हो पाएगा आदेश का पालन**

यह आदेश हर साल जारी तो किया जाता है, लेकिन खुद मतस्य विभाग के जिम्मेदार ही इसका पालन नहीं करवा पाते हैं। अब तो जिले में बड़े डेम बन चुके हैं ऐसे में न केवल नदियों, तालाबों बल्कि डैमों से भारी मात्रा में मछलियां मारकर उन्हें भोपाल एवं बड़े शहरों में भेजा जा रहा है। देखते हैं इस बार कलेक्टर के आदेश का अक्षरक्षः पालन मतस्य विभाग के अधिकारी करवा पाते हैं या नहीं।

#### अनेकों प्रजाति हो रही हैं विलुप्त

मछलियों को गर्भावस्था में ही मार दिए जाने से राजगढ़ जिले के तालाबों, नदियों एवं अन्य जल-स्त्रोतों में बाम, अंडोश जैसी प्रजाति की मछलियां या तो विलुप्त हो चुकी हैं या विलुप्त होने की कगार पर पहुंच चुकी हैं।

आज में मंत्रीजी की बैठक के संबंध में ब्यावरा आया था। अब ने केवल राजगढ़ बल्कि जहां भी मछली बाजार लगेगा वहां कार्यवाही देखने मिलेगी।

**भारत सिंह मीणा**, सहायक संचालक, मत्स्य विभाग, राजगढ़

## जनपद सीईओ ब्यावरा के खिलाफ लामबंद हुए सरपंच, लगाया भ्रष्टाचार के आरोप!

### सीईओ बोले- जिला पंचायत से जो सूची मिली थी उसी के अनुसार किया है भुगतान, बचे हुए लोग कर रहे हैं प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा




जनपद सीईओ पर कमीशन खोरी का आरोप लगाते हुए ब्यावरा जनपद के सरपंचों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। सरपंच संघ के अध्यक्ष कमलसिंह पंवार एवं उपाध्यक्ष दिनेश मीना द्वारा सौंपे ज्ञापन में उल्लेख किया कि जनपद पंचायत ब्यावारा में किए गए कार्यों में सीईओ द्वारा राशि जारी करने के बदले में कमीशन मांगा जा रहा है। सार्वजनिक कार्य हो या हितग्राही मूलक सभी में 7-10 प्रतिशत राशि की मांग की जा रही है।

शासन की जनहितैषी योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर कई सरपंचों ने जनपद सीईओ के कार्यालय में नहीं मिलने से उनके के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। वहीं बीआरसी भवन में आयोजित प्रशिक्षण का बहिष्कार कर एसडीएम गीतांजलि शर्मा को ज्ञापन दिया गया। ब्यावरा के जनपद पंचायत कार्यालय का घेराव कर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। ब्यावरा ब्लॉक के सरपंचों ने आरोप लगाया कि विगत 7-8 माह से ब्यावरा जनपद पंचायत कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। जनपद सीईओ द्वारा जनपद सदस्य निधि की फाइले जिसमे सीसी सड़क, निर्माण एवं पुलिया निर्माण कार्य, कपिल धारा,और स्वच्छता, मास्टर, जीरो टैग जैसी कई हितग्राही मूलक योजनाओं के कार्यों की फाइलें विगत एक सप्ताह से कमीशन खोरी के चलते पेंडिंग पड़ी हुई है।

सरपंचों ने आरोप लगाया है कि दो जीआरएस और सेक्टर इंजीनियर के माध्यम से कमीशन की मांग की जाती है। जनपद पंचायत सीईओ द्वारा हितग्राही मूलक काम एवं बिलो के भुगतान की राशि पेंडिंग पड़ी हुई है। प्रत्येक फाइल पर करीब सात से दस प्रतिशत की राशि की मांग की जा रही है। जीणोद्धार तालाब के लिए राजगढ़ कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ के द्वारा एस जारी की गई मगर अप्रूवल और मस्टर कमीशन के चक्कर में उलझाई हुए है। जनपद सीईओ द्वारा हितग्राहियों को मप्र शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। विगत एक सप्ताह से तो सीईओ अपने कार्यालय में आ तक नहीं रहे हैं। ब्लॉक की ग्राम पंचायत अतरालिया के झारखेडा सरपंच ने बताया कि कमीशन नहीं देने के कारण ग्राम पंचायत अतरालिया में शमशान निर्माण के पुराने बिल की फाइल आज तक अटकी हुई है। जिसकी तीन बार राशि आ चुकी, लेकिन कमीशन के कारण आज तक उस राशि का भुगतान भी नहीं हुआ है। ऐसे जनपद सीईओ को ब्यावरा से हटाने की मांग सरपंचों द्वारा की गई है।

## मंत्री ने किया लाखों के कार्यों का भूमि पूजन



**सुठालिया।** ग्राम खनोटा में मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायणसिंह पंवार द्वारा लाखों रुपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन खेड़ापति मंदिर की बाउंड्री वॉल सीसी तालाब जीर्णोधार का विधिवत पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया। इस मौके पर नारायण सिंह सालरियाखेडी मंडल अध्यक्ष पदम सिंह लोधी भाजपा नेता अशोक अग्रवाल पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश पालीवाल ओम पालीवाल माधवी परमार रघुवीर मनीष पूर्व सरपंच बाबूलाल सोंधिया नारायण सिंह सोंधिया एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### रेलवे विभाग व एनएच विभाग टीम सहित जिला कलेक्टर पहुंचे मौके पर

## खिलचीपुर-कुंडीबे मार्ग पर बाइपास रोड पर दर्जनों ग्रामवासी 5वें दिन भी रहे धरने पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

खिलचीपुर से 3 किलोमीटर दूरी पर स्थित कुंडीबे गांव के पास रेलवे विभाग द्वारा रेलवे लाइन का कार्य तीव्र गति से जारी है, वहीं एनएच का भी निर्माण कार्य विभाग द्वारा तीव्र गति से चल रहा है। गांव कुंडीबे रेलवे विभाग ओर नेशनल हाईवे दोनों के लिए बीचों-बीच सेंटर पर है , जिस पर बरसों से पक्का रोड शासन द्वारा दिया गया है। रास्ते की मांग को लेकर ग्रामीण जन आज बुधवार धरने पर डटे रहे, जिला कलेक्टर हर्ष दीक्षित रेलवे विभाग व एनएच विभाग की टीम को लेकर मौके पर पहुंचे। वहीं ग्रामीण जनों की रास्ते की समस्या को हल करने के लिए मौका मुआयना कर ग्रामीणों का रास्ता चालू रखने के लिए रेलवे ओर एन एच विभाग के अधिकारियों के साथ गुरुवार को मीटिंग रखी ताकि ग्रामीणों की समस्या का निष्कर्ष निकल सके। इस दौरान हर्ष दीक्षित जिला कलेक्टर, सुशील कुमार एसडीम खिलचीपुर, सोनू गुप्ता तहसीलदार खिलचीपुर, रेलवे विभाग के एम डी एच सी मीणा सहित एनएच विभाग व राजस्व विभाग के कर्मचारी गण ओर ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



#### मीटिंग रखी है...

रेलवे और एनएच विभाग के साथ कल मीटिंग रखी है। जल्द ही ग्रामीण जनों की समस्या हल की जाएगी।

**हर्ष दीक्षित**, जिला कलेक्टर राजगढ़

## थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी को पुलिस अधीक्षक ने किया लाइन अटैच




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

विधायक की नाराजगी के बाद एसपी यशपाल सिंह राजपूत ने तिलावद चौकी प्रभारी रामरूप सिंह पवार अवंतीपुर बडोदिया व थाना प्रभारी रामकुमार पाटिल को लाइन अटैच कर दिया। क्योंकि क्षेत्र में लगातार चोरी की वारदातें बढ़ रही थी जिन पर अंकुश नहीं लगाया जा रहा था। इसीको ध्यान में रखते हुए विधायक को लगातार नागरिकों की शिकायतें प्राप्त हो रही जिसको कालापीपल विधायक ने एसपी के समाने नाराज़गी ज़ाहिर की। इसीको ध्यान में करते हुए तिलावद चौकी प्रभारी व अवंतीपुर बड़ोदिया थाना प्रभारी और को लाइन अटैच किया है।

## सरस्वती शिशु मंदिर में प्रारंभ हुआ तीन दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुठालिया

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आचार्य दीदियों के प्रशिक्षण के लिए तीन दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग बुधवार से प्रारंभ हुआ। 26 से 28 तक चलने वाले तीन दिवसीय सत्र मे पढाई संबंधित जानकारी दी जायेंगी। अभ्यास वर्ग के उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता विपिन मिश्रा रहे।

अध्यक्षता शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल प्राचार्य अशोक गुप्ता ने की विशेष अतिथि विद्यालय प्राचार्य शिवराज सिंह चैहान उपस्थित रहे। यह अभ्यास वर्ग आचार्य दीदी की गुणवत्ता विकास के लिए है। मुख्य वक्ता ओ ने नई शिक्षा नीति 20-20 के शिक्षण पर प्रकाश डालते अशोक गुप्ता ने बताया कि शिक्षक हमेशा संपूर्ण नहीं होता वह पूरे जीवन भर सीखता रहता है। द्वितीय सत्र आईसीटी के ऊपर रहा उसमे आचार्य उपेंद्र सक्सेना एवं नर्मदा प्रसाद ने बताया कि आईसीटी के प्रयोग से मोबाइल के माध्यम से बच्चों की फीस की जानकारी,रिकॉर्ड बुक में संचित कर सकते हैं, एवं परीक्षा पेपर निर्माण के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन भगत सिंह राठौड़ ने किया, एवं आभार सदी दीदी ने माना।



## मैहर मालवीय समाज ने कबीर जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी मैहर मालवीय समाज द्वारा संतश्री शिरोमणी कबीर महाराज का प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रतिभा सम्मान समारोह कबीर मंदिर समिति ने रखा। जिसमें सांसद, विधायक हजारीलाल दांगी, लक्ष्मीनारायण चौहान झिरी, महंत गुरुजी राधेश्याम, समिति प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. विष्णुप्रसाद मालवीय, मानसिंह मालवीय, अध्यक्ष कैलाश मालवीय, गोकुल प्रसाद, केसर मालवीय, भागीरथ, दुर्गा प्रसाद, माचलपुर भेरुलाल मालवीय, विजयसिंह मालवीय, रामकिशन मालवीय,भेरुलाल मालवीय पीरु लाल मालवीय प्रभु लाल मालवी आदि समाज जन उपस्थित रहे।

**ब्यावरा।** तीसरे दिन भी चली प्रशासन की अस्थाई अतिक्रमण हटाने की मुहीम।




## महाविद्यालय में परीक्षा देने आई छात्रा गायब, पिता ने गुमशुदगी दर्ज कराई

**जीरापुर।** समीपवर्ती ग्राम टपरियाहेड़ी से कॉलेज गई छात्रा गायब हो गई। गांव से महाविद्यालय में परीक्षा देने आई एक 19 वर्षीय युवती लापता हुई। युवती के पिता ने गुमशुदगी दर्ज कराई। प्राप्त जानकारी अनुसार युवती के पिता भागीरथ किरार निवासी टपरियाहेडी के द्वारा दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि युवती जीरापुर कॉलेज में पेपर के लिए आई लेकिन कॉलेज के गेट के सामने से ही लापता हो गई। उसके बाद से अभी तक कोई पता नहीं चला। पुलिस ने लड़की के पिता की तहरीर पर गुम इंसान की कायम किया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में तलाश शुरू की।

## हरिओम ने जीता सिल्वर तो शिवानी के हाथ लगा कांस्य पदक, हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टर हर्ष दीक्षित एवं पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले में संचालित खेलो इंडिया जूडो स्मॉल सेंटर के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों का चयन ऑल इंडिया इंटर साई जूडो चेम्पियनशिप के लिए हुआ। उक्त आयोजन 20 से 24 जून तक भोपाल में हुआ था जिसमें जिले के 4 बालक एवं 4 बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। खेल में 81 किग्रा में हरिओम प्रजापति ने सिल्वर एवं 40 किग्रा में शिवानी भिलाला ने कास्य पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता में ज्यातिराज प्रजापति ने चौथा स्थान प्राप्त किया। विजेता खिलाडियों को कलेक्टर हर्ष दीक्षित, पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार शर्मा एवं संभागीय खेल अधिकारी शार्मिला डावर द्वारा किट प्रदाय कर सम्मानित किया एवं खिलाड़ियों को शुभकामानाएं दी। उल्लेखनीय है कि ब्यावरा के जूडो प्रशिक्षक राजकुमार प्रजापति द्वारा बच्चों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।


### 38 करोड़ से होगा हाइवे का नया निर्माण, डिवाइडर के साथ बनेगा फोरलेन रोड

## राज्य मंत्री टेटवाल के प्रयास से पुराने हाइवे निर्माण को मिली स्वीकृति, जाम से मिलेगी लोगों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर से निकले पुराने हाइवे पर रोजाना जाम जैसे हालात रहते हैं। उक्त मार्ग पर अतिक्रमण और जर्जर रोड के कारण वाहन चालकों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में अब लोगों के लिए राहत की खबर आई है। दरअसल, पुराने हाइवे मार्ग निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है। जिसके तहत करीब 38 करोड़ की लागत से मार्ग चौड़ीकरण के साथ ही डिवाइडर और फोरलेन मार्ग का निर्माण किया जाएगा। जिसमें बिलोदा बायपास जोड़ से गोपालपुरा जोड़ तक करीब सात किमी मार्ग निर्माण होगा। साथ ही कालीसिंध नदी पर नए पुल निर्माण को भी स्वीकृति मिल गई है। जिसकी टेंडर प्रक्रिया जारी है।

राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने बताया कि उक्त रोड बीच में डिवाइडर युक्त बनेगा और इनके बीच में पौधे लगाए जाएंगे। रोजाना के जाम से मिलेगी निजातः पुराना हाइवे संकरा है और अतिक्रमण के कारण वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। साथ ही ट्रैफिक दबाव भी अधिक होने से वाहन गुत्थमगुत्था होते रहते हैं। जिसके कारण रोजाना जाम से हालात रहते हैं। ऐसे में मार्ग चौड़ा होने और फोरलेन निर्माण से वाहन चालकों को आवागमन में काफी राहत मिलेगी।



#### नलखेड़ा से भैंसवा माता की दूरी होगी कम

माता और मां बगलामुखी नलखेड़ा माताजी के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को लंबी दूरी तय करना पड़ती है। संडावता-छापीहेड़ा होकर चक्कर से जाना पड़ता है। अब भैंसवामाता से सीधी नलखेड़ा तक सड़क बन जाने से दूरी कम होने से श्रद्धालुओं को दोनों धार्मिक स्थानों तक आने-जाने में सहूलियत होगी।

#### इनका कहना है...

पुराने हाईवे की दशा सुधारने को लेकर प्रयासरत थे। अब मार्ग निर्माण को स्वीकृति मिल चुकी है। जल्द ही काम शुरू किया जाएगा। बीच में डिवाइडर बनाकर उनमें पौधे लगाएंगे, ताकि नगर की सुंदरता बढ़ सके।

**गौतम टेटवाल**, राज्य मंत्री

## एनसीसी राष्ट्रीय स्तर की ट्रैकिंग कर लौटे छात्र सैनिक

**विभिन्न राज्यों की संस्कृति को जाना, समझा**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शहर निवासी छात्र सैनिक नवनीत शर्मा 17 जून से 24 जून तक अमरकंटक में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की ट्रैकिंग पूर्ण कर लौटे। कैंप के लिए कैडेट का चयन कमांड अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव थापा के निर्देशन में कैडेट्स की पूर्व की गतिविधियों को देखते हुए किया गया था।कैंप में सभी राज्यों के कैडेट्स ने हिस्सा लिया। कैंप के दौरान छात्र सैनिकों ने नर्मदा उद्गम, कपिलधारा, दूध धारा, दुर्गाधारा, शंभू धरा, प्राचीन जैन मंदिर देखने के साथ ही 50 किलोमीटर पैदल ट्रैकिंग भी की। कैडेट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से राज्यों की संस्कृति को जाना और समझा। कैंप समापन पर अधिकारियों ने प्रमाण-पत्र प्रदान करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## खबर संक्षेप

### पाठशाला के बालकों की धार्मिक परीक्षा संपन्न



**आष्टा।** श्री दिगम्बर जैन भारत वर्षीय श्रमण संस्कृति परीक्षा बोर्ड सांगानेर के दिशा निर्देशानुसार आचार्य विद्यासागर पाठशाला द्वारा श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर पाठशाला के बालक - बालिकाओं की वर्ष 2023 -24 के पाठ्यक्रम पूर्ण होने पर वार्षिक परीक्षा आयोजित की गई । जिसमें समाज के बालक -बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आठ वर्ष से इक्कीस वर्ष आयु वर्ग के बालक - बालिकाओं ने परीक्षा में सहभागिता की । परीक्षा का संचालन पाठशाला की स्वयंसेवी शिक्षिकाओं श्वेता जैन , बुलबुल जैन , मोनिका जैन, शोभा जैन एवं मनीषा जैन ने किया। पाठशाला प्रभारी अजय जैन ने बताया कि पाठशाला परिवार जैन समाज के बालक -बालिकाओं को धार्मिक संस्कार देने के साथ उनके चरित्र निर्माण और जैन संस्कृति के संस्कार देने के लिए कृत संकल्पित हैं। समाज की मातृ शक्ति अपना अनमोल समय आचार्य विद्यासागर पाठशाला हेतु नित्य देती है।

### होटल व्यापारी संघ ने विधायक का किया स्वागत

**आष्टा।** धियाक गोपालसिंह इंजीनियर ने नवनियुक्ति होटल व्यापारी संघ के अध्यक्ष आदेश शर्मा का विधायक कार्यालय पर स्वागत किया। नवीन कार्यकारिणी में महामंत्री मन ठाकुर एवं कोषाध्यक्ष दिलीप यादव का स्वागत कर बधाईयां दी। होटल व्यापारी संघ द्वारा विधायक का भी साल श्रीफल एवं मीठा मुंह कराकर सम्मान कर प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर होटल व्यापारी संघ के नानू राठौर,सुनील मेवाड़ा, पवन जैन, सन्जू जैन, पंकज नाकोड़ा, राजु राठौर, धर्मेन्द्र यादव, दिलीप यादव उपस्थित थे।

## समीक्षा बैठक में आष्टा विधायक ने प्रस्तुत की विकास योजनाएं

# गेल इंडिया प्लांट में किसानों की जा रही जमीन के मामले का भी उठाया मुद्दा

### नर्मदा-पार्वती लिंक योजना में छूटे 29 गांवों को शामिल करने, आष्टा नगर में सीवेज लाइन और बुधवारा में जल भराव समस्या को लेकर रखी अपनी बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



गुरूवार को प्रभारी अपर मुख्य सचिव भोपाल संभाग डॉ. मोहम्मद सुलेमान, अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग भोपाल संभाग की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों के साथ विकास कार्यों की संभागीय समीक्षा बैठक आयुक्त कार्यालय भोपाल के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। विकास कार्यों की संभागीय स्तरीय समीक्षा बैठक में आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आष्टा विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख एवं बड़ी विकास की योजनाओं, विकास कार्यों में आने वाली समस्याओं एवं आष्टा विधानसभा क्षेत्र को स्मार्ट विधानसभा बनाने के लिए विकास की योजनाओं का एक ब्लूप्रिंट अधिकारियों के समक्ष क्रमवार दमदारी से प्रस्तुत किया। बैठक में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आष्टा विधानसभा क्षेत्र के लिए स्वीकृत 60 हजार करोड़ की राशि से लगने वाले गेल इंडिया प्लांट में जो किसानों की लगभग 302 हेक्टेयर जमीन जा रही है,उसको लेकर भी किसानों की बात दमदारी से रखते हुए मांग की के उक्त प्रस्तावित प्लांट की पुनः समीक्षा की जाए तथा ऐसा ब्लूप्रिंट तैयार किया जाए कि गेल इंडिया प्लांट में किसानों की जमीन नहीं जाए तथा उसके बदले उस प्लांट को सरकारी जमीन उपलब्ध कराई जाए। नर्मदा पार्वती लिंक परियोजना में आष्टा विधानसभा क्षेत्र के जो 29 गांव छूटे हैं इन गांवों को भी अति शीघ्र शामिल किया जाए तथा जो 13 वन ग्राम है उन वन ग्रामों के लोगों को जिनको पट्टे मिले हेउनके पट्टे की समय सीमा खत्म हो गई । इन वन ग्रामो में रहने वाले सभी लोगो को तत्काल जल्द से जल्द नये पट्टे बना कर वितरण किया जाए।

विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में आष्टा नगर पालिका की दो बड़ी समस्याओं जिसमें एक सीवेज लाइन नहीं होने तथा बुधवार क्षेत्र में बारिश के दौरान जिस तरह से जल भराव की स्थिति बनती है तथा लोग उसमें नाव चलाते हैं उस समस्या को तत्काल हल करने के लिए भी भेजी योजना को स्वीकृत की जाये। आज समीक्षा बैठक में विधायक श्री गोपाल सिंह इंजीनियर ने मांग की की लगभग 10 वर्ष पूर्व गवाखेड़ा तालाब का निर्माण हुआ,जिसमे हमारे किसान भाईयों की जमीन डूब में गई, लेकिन 10 वर्ष बाद भी जिस तालाब में किसानों ने अपनी जमीन दी है उन किसानों को सिंचाई के लिए आज तक उस तालाब का ना ही बेस्ट वेयर का निर्माण हुआ और ना ही नहर का निर्माण हुआ।

तालाब बनने के बाद भी किसानों को सिंचाई के लिये पानी नही मिला। जल्द से जल्द गवाखेड़ा तालाब का बेस्ट वेयर एवं नहर का निर्माण कराया जाए ताकि जिन किसानों की जमीन गई है उन किसानों को इस तालाब से नहर से सिंचाई हेतु पानी मिल सके । आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने बैठक में मांग की की जो गुराडिया वर्मा का प्रस्तावित तालाब है उसकी लागत अब पहले से बड़ गई है,उस तालाब की अब जो निर्माण राशि हो उसे स्वीकृत किया जाए क्योंकि उसकी राशि और लागत काफी बढ़ गई है। आष्टा विधानसभा क्षेत्र जो की सीहोर जिले की सबसे बड़ी विधानसभा है,आष्टा विधानसभा में ट्रामा सेंटर की कमी लंबे समय से उठ रही है,आष्टा जो की इंदौर भोपाल के बीच हाईवे पर स्तिथ है हमारे क्षेत्र में इस मार्ग पर सबसे अधिक एक्सीडेंट होते है,दुर्घटना में घायलों को बाहर भेजा जाता है उनको समय पर यही ईलाज मिल जाये इसके लिये आष्टा में एक सर्व सुविधा युक्त ट्रामा सेंटर स्वीकृत किया जाये। आष्टा को एक गर्ल्स कॉलेज, चार छोटे पुल है जिनकी ऊंचाई लंबाई काफी कम है और इन पुलों पर थोड़ी सी ही बारिश में नदी का पानी पुल पर आ जाने के कारण कई बड़ी घटनाएं दुर्घटनाएं हो चुकी है,कई बह गये है। इन पुलों का निर्माण भी कराया जाए । विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने मांग की की खेत सड़क योजना को पुन चालू किया जाए यह एक अच्छी योजना है तथा इससे खेतों के किसानों को सड़क की सुविधा मिलने से वह अपने खेतों तक पहुंचने में एवं कई ग्राम पंचायत का उससे विकास भी संभव है।

आष्टा विधानसभा क्षेत्र में नल जल योजना की स्थिति काफी ठीक नही है उस पर भी ध्यान दिया जाए तथा जिन ग्रामों की नल जल योजना पूर्ण हो गई है लेकिन उनके ठेकेदारों को उसका भुगतान के लिए परेशान हो रहे है उनका भुगतान भी तत्काल कराया जाए । आष्टा विधानसभा क्षेत्र सीएम राइस स्कूल की ओर स्वीकृति की जाये जिनकी मांग की गई है एवं आष्टा नगर में एक सर्व सुविधा युक्त बड़ा स्टेडियम की भी मांग विधायक ने बैठक में प्रस्तुत की। मीडिया प्रभारी सुशील संचेती ने बताया की आष्टा विधायक श्री गोपालसिंह इंजीनियर ने आज पूरे आष्टा विधानसभा क्षेत्र का काम समय में गहरा अध्ययन कर आष्टा विधानसभा क्षेत्र में क्या-क्या विकास के कार्यों की बड़ी संभावना है उन सभी का खाका तैयार करके आज समीक्षा बैठक में दमदारी से प्रस्तुत किया है। ओर सभी को स्वीकृत करने की मांग की। आज अधिकारियों ने भी उनकी बातों को कभी गंभीरता से लिया ओर सुना और उम्मीद है की आष्टा विधानसभा क्षेत्र को इस समीक्षा बैठक के बाद बड़ा लाभ प्राप्त होगा ओर आष्टा विधानसभा 5 साल में स्मार्ट विधानसभा के रूप में नजर आये। बैठक में संभाग आयुक्त, संबंधित सभी जिलों के कलेक्टर्स, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# डीएसवायडब्ल्यू ने सीहोर क्लब को 2-1 से हराया



**सीहोर।** चर्च मैदान पर चल रही प्रतियोगिता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के चर्च मैदान पर खेली जा रही बेबी लीग खेल मेले के अंतर्गत बुधवार को दो मैच खेले गए थे। इसमें पहला मैच डीएसवायडब्ल्यू ने सीहोर क्लब को कांटे की टक्कर में 2-1 से हराया। इसके अलावा एक अन्य मैच सीहोर बाइज और आरएसआई के मध्य खेला गया था। इसमें 1-0 से आरएसआई ने जीत हासिल की।

इस मैच में आरएसआई की ओर से एक मात्र गोल अनमोल ने किया। बुधवार की शाम को समाजसेवी रुद्रप्रकाश राठौर ने खिलाडियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ खेल भी आज के दौर में जरूरी है। इससे सफलता के रास्ते खुलते है, आप लोग इसी तरह खेलते हुए अपने शहर का नाम रोशन करें। यहां पर मौजूद नेशनल प्लेयर मुस्कान, वैदेही, दिशा और प्रंजलि आदि ने अतिथि का तिलक कर स्वागत किया। शाम को पहला मैच रोमांचक रहा। इसमें डीएसवायडब्ल्यू की ओर से वंश और शुभम के एक-एक गोल की बदौलत 2-1 से जीत हासिल की। वहीं सीहोर क्लब की ओर से एक गोल मोहित ने किया।

इधर चल रहे एक अन्य मुकाबला सीहोर बाइज और आरएसआई के मध्य खेला गया था। इस मैच में आरएसआई ने सीहोर बाइज को 1-0 से हराया। इसमें आरएसआई की ओर से अनमोल ने गोल किया। इस मौके पर एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया, मनोज दीक्षित मामा, आनंद उपाध्याय, मनोज जोशी, अनिल राय, नीरज चौरसिया, अजय मिश्रा, शैलेन्द्र शर्मा, विपिन पवार आदि शामिल थे।

# थाना परिसर में हुआ सुंदरकांड का पाठ



**जावर।** श्री मारुति मानस मंडल द्वारा थाना परिसर में हुआ सुंदरकांड।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

जावर थाना परिसर में सुंदरकांड का आयोजन मंगलवार को हुआ जावर में थाना परिषद में थाना प्रभारी के द्वारा शिव मंदिर मे सुंदरकांड पाठ का आयोजन रखा गया जिसमे सहयोग में लाखन सिंह ठाकुर ,महेंद्र सिंह राजपूत एवं समस्त थाना के स्टॉप के द्वारा करवाया गया सुंदरकांड में वरिष्ठ भाजपा नेता बाबूलाल पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष जय सिंह ठाकुर, दिनेश बहती, डॉ ओमप्रकाश दुबे, अकबर सिद्दीकी एवं नगर के बहुत से वरिष्ठ उपस्थित रहे उपस्थित रहे।

### सिविल अस्पताल को दी ट्रायसिकल



**आष्टा।** राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा व विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर के हाथों जिला भाजपा के मीडिया प्रभारी सुशील संचेती की दिवंगत धर्मपत्नी स्वर्गीय ज्योति संचेती की स्मृति में नगर के सिविल अस्पताल को ट्राईसिकल भेंट की गई। अस्पताल में आने वाले दिव्यांग मरीजों की सहायता के लिए एक ट्रायसिकल सोनकच्छ के बाफना परिवार व आष्टा के संचेती परिवार की ओर से दान की गई। दान की गई उक्त ट्रायसिकल सिविल अस्पताल के बीएमओ डॉ. जीडी सोनी को सौंपी।

# शासकीय महाविद्यालय में चलाया नशा मुक्ति अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



शासकीय महाविद्यालय जावर नगर में 26 जून 2024 को अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें डॉ रचना मेहरा द्वारा विद्यार्थियो को नशे के प्रकार एवं समाज पर दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया। इसी के साथ ही शासकीय विद्यार्थियो के साथ स्टाफ सदस्यों ने जीवन में कभी नशा न करने की शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य नरेन्द्र कुमार शुक्ल, डॉ. सुमन भदौरिया, डॉ. रचना मेहरा, विशाल करंदीकर, डॉ. विजय कुमार यादव, सपना साहू, प्रीति कुशवाह,चेतन सिह ठाकुर,पुलकित शर्मा एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# चरनाल में कुत्ते ने 15 लोगों को काटा, घायलों को किया रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोराहा/अहमदपुर



ग्राम पंचायत चरनाल में आवारा कुत्ते ने 15 लोगों को काट लिया। इनमें से 8 लोगों को परिजन अहमदपुर अस्पताल लेकर आए थे। 5 वर्षीय बच्चे के चेहरे पर गंभीर घाव है। उसके सहित सात लोगों को सीहोर रेफर किया गया है। कुत्ते के काटने से गांव में भय का माहौल है। ग्रामीण कुत्ते को लाठियों से पीट-पीटकर मार डाला। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बाहर से आए कुत्ते ने बुधवार को दो लोगों को काट लिया था। इसके बाद उसे गांव से खदेड़ दिया था। कुत्ते के काटने के बाद दोनों लोगों को अहमदपुर अस्पताल ले गए थे। वहां डॉक्टरों ने इलाज किया।

गांव के सेल्समैन मांगीलाल गौर और रोहित साहू ने बताया कि गुरुवार को गांव में बच्चे खेल रहे थे तभी कुत्ता फिर से आया। उसने लोगों पर हमला कर दिया। इसमें दो बच्चे, महिला सहित 12-13 लोगों को काट लिया। गंभीर रूप से घायल 5 साल के तूफिया खान, रईसा बी, शिवानी, बद्री प्रसाद, सलीम, आशू अली को परिजन अहमदपुर अस्पताल ले गए। तूफिया सहित सात को सीहोर रेफर किया गया। परिजन चार लोगों को भोपाल ले गए। गांव में जो दिखा कुत्ते ने उसको काट लिया। कुत्ते से बचने के लिए लोग लाठियां लेकर निकल आए थे। काफी देर तक उसे गांव में और आसपास खेतों में ढूंढा। कुत्ते के काटने से बद्रीप्रसाद साहू, प्रियांशु केवट, घनश्याम केवट, सलीम खां, तूफिया खान, रईसा बी, शिवानी, आसू अली सहित अन्य लोगों को काट लिया है। एक व्यक्ति गांव से गुजरते हुए रुक गया था, कुत्ते ने उसके दोनों हाथों में काट लिया। रोजगार सहायक वंदना तिवारी ने बताया कि यह कुत्ता गांव के बाहर का है। लोगों को काटने की जानकारी मिलने पर बुधवार को उसे गांव के बाहर खदेड़ दिया था। गुरुवार को वह फिर से गांव में आ गया। कुत्ते ने दो भैंसों को भी काटा है। पशु चिकित्सा विभाग को इसकी सूचना दे दी है।

### ग्रामीणों में आक्रोश

ग्राम पंचायत चरनाल में सरपंच और ग्राम पंचायत द्वारा कुत्ते के मामले को लेकर ध्यान नहीं दिए जाने को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने एकजुट होकर कुत्ते का रेस्क्यू कर शाम लगभग 6:00 बजे करीब कुत्ते को मार दिया, बताया गया है कि जब ग्रामीण रेस्क्यू कर कुत्ते को मार रहे थे तो मरते मरते कुत्ते ने एक भैंस को और काट लिया जिससे पशु मालिक चिंता में डूब गया।

# वार्ड 14 में हो रहे सड़क निर्माण कार्य का पार्षद प्रतिनिधि ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



जावर नगर वार्ड क्रमांक 14 में गलियों में सीसी सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता को पार्षद प्रतिनिधि अदनान हुसैन ने मौके पर पहुंच कर देखा। साथ ही गली में रहने वाले नागरिकों से भी निर्माण कार्य के बारे में जानकारी ली। नागरिकों ने बताया कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर वह भी नजर रख रहे हैं इसलिए वह भी चाहते हैं कि निर्माण कार्य ठीक हो। गलियों का निर्माण कार्य चल रहा है। इस मौके पर अदनान हुसैन ने मौके पर मौजूद ठेकेदारों से वह प्रस्तावित और अनुबंधों के मान से निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से करने की बात कही। निर्माण में किसी प्रकार की गड़बड़ी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी पार्षद की मनसा अनुरूप ही कार्य हो इस अवसर पर बाबूलाल पांचाल, विनोद पांचाल सहित अन्य वार्ड वासी मौजूद थे।

## भाउ बाबा मंदिर पर तीर्थ यात्रियों का स्वागत सम्मान कर किया रवाना

# अमरनाथ के दर्शन करने 80 तीर्थ यात्री हुए रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




हमारा आष्टा नगर आस्थावान नगर है, जहां हर समाज, जाति, धर्म के लोग निवास करते है और आपस में मिल-जुलकर प्रत्येक तीज-त्यौहार को उत्साहपूर्वक मनाते है। नगर में चाहे दीवाली का त्यौहार हो या ईद का सभी धर्म के त्यौहार को मनाने में हमारे नगर के नागरिक बढ़चढ़कर हिस्सा लेकर त्यौहार को साम्प्रदायिक तरीके से मनाकर उत्साह का रूप देते है। इस आशय के विचार नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने नगर के 80 तीर्थयात्रियों को अमरनाथ तीर्थयात्रा के लिए रवाना करते हुए भाऊबाबा मंदिर के सामने आयोजित उनके स्वागत सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। अमरनाथ तीर्थयात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों में अंकित वोहरा, सुदीप जायसवाल, अक्षित झंवर, तरूण नागौरी, अनिमेश गुप्ता, प्रियांश सुराना, संयम सुराना, अनुज सोनी, गौरव कोठारी, मृगांक गुप्ता, अमन गांग, रजत जैन सहित 80 लोग शामिल है। सभी तीर्थयात्रियों का नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, ललित नागौरी, पूर्व नपाध्यक्ष डॉ. मीना सिंगी, मंडी व्यापारी संघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, पार्षद रवि शर्मा, कालू भट्ट, शेलू मेहता, युवा अभिभाषक एवं पत्रकार अक्षत पाठक, नितीन महांकाल, चेतन छाजेड़, वैभव मेवाड़ा, राजेश गौतम, गौरव सोनी, रविन्द्रसिंह ठाकुर आदि द्वारा पुष्पमाला पहनाकर स्वागत सम्मान कर बाबा भोलेनाथ के दर्शनार्थ अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना किया। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री मेवाड़ा ने तीर्थयात्रियों की यात्रा मंगलमय हो इसके लिए बर्फानी बाबा भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना की।

# साहित्य परिषद के तत्वावधान में हुआ कार्यशाला और संगोष्ठी का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

अखिल भारतीय साहित्य परिषद मध्यप्रान्त के तत्वाधान में दो दिवसीय कार्यशाला एवं संगोष्ठी का आयोजन हुआ मध्यप्रान्त के अनेक जिलों से साहित्यकार गण पधारे दो दिनों चले इस विशिष्ट कार्यक्रम में साहित्यकारों ने अपनी श्रेष्ठ रचनाओं का पाठ किया इस कार्यशाला में राज्य सरकार के मंत्रियों ने पधारकर साहित्यकारों का सम्मान किया यह पूरा आयोजन प्रदेश का एकमात्र हिलस्टेशन पचमढ़ी के पास बनखेड़ी गाँव मे बड़े ही सुरम्य प्राकृतिक वातावरण में सम्पन्न हुआ तहसील अध्यक्ष के रूप में आर्य मोहन लाल भावसार ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई साथ ही आष्टा से दादा बाबू लाल देववाल, सीहोर से जिला अध्यक्ष डॉक्टर विजेंद्र जायसवाल, गोविंद लुवानिया, संदीप मेवाड़ा आदि उपस्थित हुए।